BIHAR BOARD CLASS - 10

2020

SANSKRIT

द्वितीय पाली (Second Sitting)

समय: 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

खण्ड-अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न-संख्या 1 से 60 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से एक सही है। इन 60 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें।

1. 'मंगलम्' पाठ में कुल कितने मंत्र (पद्य) हैं?

(A) पाँच

(B) तीन

(C) चार

(D) छः

2. 'हिरण्मयेन पात्रेण ....'दृष्ट्ये'। यह मंत्र किस उपनिषद् से उद्धत है?

(A) ईशावास्योपनिषद्

(B) मुण्डकोपनिषद्

(C) कठोपनिषद्

(D) श्वेताश्वेतरोपनिषद्

3. 'पाटलिपुत्र वैभवम्' पाठ में किस शहर का वर्णन है ?

(A) भागलपुर

(B) वाराणसी

(C) पटना

(D) इलाहाबाद

4. दामोदर गुप्त ने किस काव्य की रचना की ?

(A) काव्य मीमांसा

(B) मुद्राराक्षस

(C) मृच्छकटिक

(D) कुट्टनीमत

5. पटना का इतिहास कितना पुराना है?

(A) 200 वर्ष

(B) 2000 वर्ष

(C) 2500 वर्ष

(D) 1500 वर्ष

6. 'अलसकथा' पाठ के रचनाकार कौन हैं ?

(A) विद्यापति

(B) दामोदर गुप्त

(C) राजशेखर

(D) पिङ्गल

7. नीतिकार आलस्य को क्या मानते हैं?

(A) गुण

(B) शत्रु

(C) मित्र

(D) धर्म

8. वीरेश्वर कैसा था ?

(A) ईमानदार

(B) भ्रष्ट

(C) दानशील

(D) धनी

9. 'सर्व शुक्ला सरस्वती' किसकी उक्ति है ?

(A) याज्ञवल्क्य

(B) जनक

(C) बाणभट्ट

(D) दण्डी

10. जनक की सभा में शास्त्रार्थ कुशला कौन थी ?.

(A) सुलभा

(B) गार्गी

(C) मैत्रेयी

(D) यमी

11. गायन्ति देवाः .... पुरुषाः सुरत्वात्। यह पद्य किस पुराण है ? से उद्धृत है?

(A) नारद पुराण

(B) विष्णु पुराण

(C) भागवत् पुराण

(D) गरुड़ पुराण

12. भारतभूमि कैसी है?

(A) विशाल

(B) निर्मला

(C) वत्सला

(D) (A), (B) और (C) तीनों

13. संस्कार कितने हैं?

(A) 16

(B) 12

(C) 14

(D) 6

14. अन्त्येष्टि संस्कार कब होता है?

(A) युवावस्था में

(B) मरणोपरान्त

(C) मृत्यु से पहले

(D) शैशवावस्था में

15. पाणिग्रहण किस संस्कार में होता है?

(A) शैक्षणिक संस्कार

(B) शैशव संस्कार

(C) विवाह संस्कार

(D) जन्म पूर्व संस्कार

16. साहित्य ग्रन्थों में केशान्त संस्कार का नामान्तर क्या है ?

(A) उपनयन

(B) समावर्तन

(C) वेदारम्भ

(D) गोदान

17. 'नीतिश्लोका:' पाठ किस ग्रन्थ से संकलित है ?

(A) विदुर नीति

(B) शुक्रनीति

(C) नीतिशतक

(D) चाणक्य नीति दर्पण

18. अपनी उन्नति चाहने वालों को कितने दोषों को त्याग देना चाहिए ?

(A) सात

(B) छ

(C) पाँच

(D) आठ

19. रूप की रक्षा किससे होती है?

(A) सत्य से

(B) योग से

(C) मृजया से

(D) वृत्ति से

20. भीखन टोला गाँव कहाँ है ?

(A) उत्तर प्रदेश

(B) झारखण्ड

(C) बंगाल

(D) बिहार

21. दलित ग्रामवासी पुरुष की कथा कौन है ?

(A) कर्मवीर कथा

(B) अलस कथा

(C) व्याघ्रपथिक कथा

(D) विश्वशांति:

22. स्वामी दयानन्द कौन थे ?

(A) शिक्षाविद्

(B) समाजोद्धारक

(C) धर्मोपदेशक

(D) राजनीतिज्ञ

23. आर्य समाज संस्था के संस्थापक कौन थे ?

(A) विवेकानन्द

(B) दयानन्द

(C) रामकृष्ण परमहंस

(D) राजा राजमोहन राय

24. स्वामी दयानन्द का जन्म किस गाँव में हुआ था ?

(A) कंटारा

(B) टंकापुर

(C) टंकारा

(D) भीखन टोला

25. वाल्मीकि रामायण से कौन-सा पाठ संकलित है ?

(A) विश्वशांति

(B) कर्णस्य दानवीरता

(C) नीतिश्लोका:

(D) मन्दाकिनी वर्णनम्

26. 'मन्दाकिनी वर्णनम्' पाठ में किस नदी का वर्णन है ?

(A) गङ्गा

(B) यमुना

(C) सरस्वती

(D) सरयू

27. 'व्याघ्रपथिक कथा' पाठ में किसके दुष्परिणाम का वर्णन किया गया है?

(A) क्रोध

(B) लोभ

(C) मोह

(D) काम

28. 'इदं सुवर्ण कङ्कणं गृह्यताम्।' किसने कहा ?

(A) पथिक

(B) कथाकार

(C) बाघ

(D) दानी

29. ब्राह्मण के वेश में कौन प्रवेश करता है ?

(A) कर्ण

(B) शल्य

(C) अर्जुन

(D) शक्र

30. शिक्षिका शब्द में कौन-सा स्त्री प्रत्यय है?

(A) टाप्

(B) ढाप्

(C) चाप्

(D) ति

31. 'इन्द्र + ङीप्' से कौन शब्द बनेगा?

(A) इन्द्रो

(B) इन्द्राणी

(C) इन्दिरा

(D) इन्द्रीय

32. किस शब्द में 'ङीप्' प्रत्यय है ?

(A) नारी

(B) रुद्राणी

(C) राज्ञी

(D) गोपी

33. 'स्वतंत्र: .... ।' इस सूत्र के रिक्त स्थान की पूर्ति उचित शब्द से करें।

(A) कर्म

(B) अपादानम्

(C) कर्ता

(D) करणम्

34. क्रिया विशेषण में कौन विभक्ति होती है?

(A) द्वितीया

(B) चतुर्थी

(C) तृतीया

(D) षष्ठी

35. हिमालयात् गङ्गा प्रभवति।' यहाँ 'हिमालयात्' पद में पञ्चमी विभक्ति किस सूत्र से हुई है?

(A) आख्यावोपयोमे

(B) अपादाने पञ्चमी

(C) भुव: प्रभुवश्च

(D) ध्रुवमपायेऽपादानम्

36. 'येनाङ्गविकार:' सूत्र का उदाहरण कौन है ?

(A) स: पृष्ठेन कुब्ज: अस्ति

(B) सीता मनसा पठति

(C) अर्जुने वाणेन मृगे हतवान

(D) पित्रा सह पुत्र गृहं गत

37. 'पूर्वपदार्थप्रधानो .... " खाली स्थान में उपयुक्त शब्द भरें।

(A) तत्पुरुषः

(B) अव्ययीभावः

(C) कर्मधारय

(D) बहुवीहि

38. किस समास का पहला पद विशेषण होता हैं?

(A) द्वन्द्व

(B) द्विगु

(C) कर्मधारय

(D) तत्पुरुष

39. 'संस्कृतसाहित्यम्' का विग्रह क्या होगा?

(A) संस्कृतस्य साहित्यम्

(B) संस्कृते साहित्यम्

(C) संस्कृतेन साहित्यम्

(D) संस्कृतम् साहित्यम्

40. 'त्रयाणां भुवनानां समाहारः' से कौन शब्द बनेगा ?

(A) भुवनत्रयम्

(B) त्रिभुवनम्

(C) त्रिभुवनानि

(D) त्रिभुवने

41. 'नानृतम्' किस सन्धि का उदाहरण है?

(A) स्वर

(B) विसर्ग

(C) व्यञ्जन

(D) यण्

42. 'नगरे + अस्मिन्' से कौन शब्द बनेगा ?

(A) नगरेस्मिन्

(B) नगरस्मिन्

(C) नगरेऽस्मिन्

(D) अस्मिन्नगरे

43. गुण संधि का उदाहरण कौन है?

(A) गङ्गायास्तीरे

(B) सादरम्

(C) किञ्च

(D) नीलोत्पलम्

44. 'वृथैव' का विच्छेद क्या होगा?

(A) वृथा + एव

(B) वृथ + एव

(C) वृथा + इव

(D) वृथा + ऐव

45. किस शब्द में 'प्र' उपसर्ग नहीं है ?

(A) प्रेरणा

(B) प्रचार

(C) प्रेम

(D) प्रभार

46. 'अध्यात्म' शब्द में कौन उपसर्ग है?

(A) अपि

(B) अधि

(C) अभि

(D) अति

47. 'निः' उपसर्ग किस शब्द में है?

(A) निवेदनम्

(B) निगमम्

(C) निर्धन:

(D) निसर्ग:

48. 'पूजनीयम्' शब्द में कौन प्रत्यय है ?

(A) अनीयर्

(B) तव्यत्

(C) यत्

(D) ण्यत्

49. 'लिख् + ल्युट्' से कौन शब्द बनेगा ?

(A) लिखनम्

(B) लेखनम्

(C) लिखितम्

(D) लेख:

50. किस शब्द में शतृ प्रत्यय है ?

(A) स्थापनम्

(B) उत्कृटम्

(C) पालयन्

(D) प्रवेश:

'51. 'कृतवान्' में कौन प्रत्यय है ?

(A) शतृ

(B) शानच्

(C) क्त

(D) क्तवतु

52. किस शब्द में 'दा' प्रत्यय नहीं है?

(A) एकदा

(B) बहुधा

(C) ज्ञानदा

(D) धनदा

53. 'लघुतमम्' में कौन-सा तद्धित प्रत्यय है ?

(A) तरप्

(B) तमप्

(C) मतुप्

(D) त्रल्

54. 'त्व' प्रत्यय से बना शब्द कौन है?

(A) मानवता

(B) मानवीयम्

(C) पुरुषत्वम्

(D) पौरुषेयम्

55. 'असि' किस धातु का रूप है ?

(A) अस्ति

(B) भू

(C) भव

(D) अस्

56. सरसि स्नात्वा सुवर्णकङ्कणं गृहाण।' वाक्य का क्रियापद 'गृहाण' किस लकार का है?

(A) लट्

(B) लोट्

(C) लृट्

(D) लङ्

57. 'गच्छेत्' किस पुरुष का रूप है ?

(A) प्रथम

(B) मध्यम

(C) उत्तम

(D) इनमें से कोई नहीं

58. 'राजसु' में कौन विभक्ति है ?

(A) चतुर्थी

(B) सप्तमी

(C) तृतीया

(D) षष्ठी

59. 'क:' किस शब्द का रूप है ?

(A) कम्

(B) का

(C) किम्

(D) केन

60. 'साधु' शब्द के सप्तमी एकवचन का रूप कौन है?

(A) साधुमा

(B) साधुषु

(C) साधौ

(D) साधवै

खण्ड-ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

अपठित गद्यांश (13 अङ्का:)

https://www.bihartopper.com

1. अधोलिखित गद्यांशों को पढ़कर उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दें-.

(अ) कविकुलगुरुः कालिदासः संस्कृतसाहित्याकाशे शशि इव प्रकाशते। महाकविः विक्रमादित्यभूपतेः राजसभायां नवरत्नेषु प्रमुखः आसीत् । कालिदासस्य काव्येषु भाषाः रमणीयता, मानवीयप्रकृतेः स्वाभाविकं विश्लेषण प्राकृतदृश्यानां च सजीवचित्रणं विद्यते अभिज्ञानशाकुन्तलं तस्य विश्वप्रसिद्ध नाटकमस्ति ।

(i) एकपदेन उत्तरत-

(क) क: शशि इव प्रकाशते ?

(ख) कालिदासस्य विश्वप्रसिद्धं नाटकं किम् अस्ति ?

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत-

(क) कालिदासस्य काव्येषु किं विद्यते ?

(ख) कालिदासः केषु प्रमुखः आसीत् ?

(iii) अस्य गद्यांशस्य उपयुक्तं शीर्षकम् लिखत ।

अथवा

सत्यम् इद्य यत् सुखं धनन प्राप्तं शक्यन। परन्तु धनन तु केवलं भौतिकं सुखम् एव लभते । मानसिकं सुखं तु कर्त्तव्यपरायणेन, परोपकारेण, सत्संगत्या, भगवद् भजनेन, सत्येन सेवया च प्राप्तुं शक्यने। स्पष्टमिदं यतृ मानसिकं सुखमेव वास्तविकं सुखमस्ति । अतः सर्वेः मानसिकं सुखं प्राप्तुं प्रयत्नाः समाधेयाः ।

(i) एकपदेन उत्तरत-

(क) धनेन कीदृशं सुखं लभते ?

(ख) सर्वे: मानसिकं सुखं प्राप्तुं के समाधेया: ?

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत-

(क) मानसिकं सुखं केन प्राप्तुं शक्यते ?

(ख) वास्तविकं सुखं किम् अस्ति ?

(iii) अस्य गद्यांशस्य उपयुक्तं शीर्षकम् लिखत ।

(ब) उद्यमी एव सर्वे प्राप्नोति । निरुद्यमी तु सदैव मानसिक पीडाम् अनुभवति सफल उद्यमीपुरुषस्य एवं चरणौ स्पृशति । उद्यमेन धनं धनेन च कलियुगे सुखं मिलति, भर्तृहरि कविना अपि कथितम् 'सर्वे गुणाः काञ्चनम् आश्रयन्ति' सर्वे: उद्यमेन धनं प्राप्तव्यं न चौर्येण कपटेन उत्कोचग्रहणेन वा ।

(i) एकपदेन उत्तरत

(क) कः सर्व प्राप्नोति ?

(ख) सर्वे केन धनं प्राप्तव्यम् ?

(ii) पूर्णवाक्यैंन उत्तरत-

(क) भर्तृहरिणा किं कथितम् ?

(ख) सफलता कस्य चरणौ स्पृशति ?

अथवा

परीक्षायाः को न बिभेति ? परीक्षणस्य कृते परीक्षा अत्यावश्यकी, छात्राः तु वारं वारं परीक्षा यच्छन्ति। परीक्षया छात्राणा बुद्धेः प्रतिभायाः स्मरणशक्तेः परिरमस्य, विद्यानुरागस्य लेखनशक्तेः च सम्यक् परिज्ञानं भवति।

(i) एकपदेन उत्तरत-"

(क) के वारं वारं परीक्षा यच्छन्ति ?

(ख) कस्मातः सर्वे बिभेति ?

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत-

(क) कस्य कृते परीक्षा अत्यावश्यकी?

(ख) परीक्षया कस्य समयक् परिज्ञानं भवतिं ?

संस्कृते पत्रलेखनम् (08 अङ्डा:)

2. अधोलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दें।

(i) ग्रीष्मावकाश में किये गये शैक्षणिक यात्रा का वर्णन करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखें।

(ii) विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजन हेतु प्रधानाध्यापक को आवेदन पत्र लिखें।

(iii) संस्कृत के महत्त्व का उल्लेख करते हुए अपनी छोटी बहन को एक पत्र लिखें।

(iv) अपने बड़े भाई की शादी में भाग लेने हेतु दो दिनों के अवकाश के लिए प्रधानाध्याप को एक आवेदन पत्र लिखें।

अनुच्छेद लेखनम् (07 अङ्डाः)

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संस्कृत में सात वाक्यों का अनुच्छेद लिखें-

(क) व्यायामः

(ख) रामायणम्

(ग) परोपकारः

(घ) हिमालय

(ङ) वर्षाॠतु

4. अधोलिखित में से किन्हीं छः वाक्यों का अनुवाद संस्कृत में करें।

(क) राम एक लड़का है।

(ख) वह दशम वर्ग में पढ़ता है।

(ग) उसके साथ मैं भी पढ़ता हूँ।

(घ) तुम गाँव में रहते हो ।

(ङ) तुम्हारा मित्र पैर से लंगड़ा है।

(च) परन्तु वह पढ़ने में बहुत मेधावी है।

(छ) वह घर से विद्यालय आता है।

(ज) उसका घर विद्यालय से बहुत दूर नहीं है।

(झ) क्या तुम उसको जानते हो ?

(ञ) वे दोनों कल आये थे।

लघुउत्तरीय प्रश्ना: (16 अङ्का:)

5. निम्नलिखित में किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दें-

(क) आत्मा का स्वरूप कैसा है, वह कहाँ रहती है?

(ख) पटना के प्रमुख दर्शनीय स्थलों का उल्लेख करें।

(ग) पाटलिग्राम के सम्बन्ध में भगवान बुद्ध ने क्या कहा था?

(घ) अलसशाला के कर्मियों ने आलसियों की परीक्षा क्यों ली?

(ङ) अलसशाला के कर्मियों ने आलसियों को आग से कैसे और क्यों निकाला ?

(च) आधुनिक काल की किन्हीं तीन संस्कृत लेकिखकाओं के नाम लिखें।

(छ) सात्विक दान क्या है?

(ज) 'भारतमहिमा' पाठ में किन-किन पुराणों से पद्य संकलित हैं?

(झ) संस्कार का मूल अर्थ क्या है?

(ञ) केशांत संस्कार का गोदान संस्कार भी कहा जाता है, क्यों?

(ट) 'नीतिश्लोका:' पाठ के आधार पर मूर्ख कौन है ?

(ठ) राम प्रवेश राम का घर कहाँ था और कैसा था ?

(ड) स्वामी दयानन्द ने अपने सिद्धांतों के संकलन के लिए क्या किया ?

(ढ) सोने के कंगण को देखकर पथिक ने क्या सोचा?

(ण) षट् वेदाङ्गों के नाम लिखें।

(त) चन्द्रगुप्त मौर्य के समय में पाटलिपुत्र की रक्षा व्यवस्था कैसी थी ?